Vacant posts of teachers in medical colleges would be filled shortly in Bihar

राज्य के मेडिकल कॉलेजों में सभी रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने इसकी कवायद शुरू कर दी है। एमसीआई पिछले कई सालों से इन सरकारी कॉलेजों में शिक्षकों की कमी और शैक्षणिक व आधारभूत संरचना की कमियों पर आपत्ति दर्ज करा रहा है।

शिक्षकों की कमी व कमजोर आधारभूत संरचना की ओर एमसीआई ने कई बार ध्यान आकृष्ट किया है। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) की आपत्तियों के मद्देनजर राज्य सरकार ने असिस्टेंट प्रोफेसर की बहाली और एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर के प्रोन्नति की प्रक्रिया शुरू की है। राज्य के 9 मेडिकल कॉलेजों में प्रोफेसर के करीब 160, एसोसिएट प्रोफेसर के 800 व असिस्टेंट प्रोफेसर के 1500 पद हैं।

एमसीआई ने मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की कमी सहित अन्य मापदंड पूरा नहीं करने के कारण स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय से सत्र 2016-17 से अनुग्रह नारायण मेमोरियल कॉलेज गया, जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज भागलपुर, श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज मुजफ्फरपुर व दरभंगा मेडिकल कॉलेज दरभंगा की बढ़ायी गई सीटों को वापस लेने की अनुशंसा की थी। एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर के पद प्रोन्नति से भरे जाएंगे। विभाग प्रोन्नति पाने वाले शिक्षकों की सूची तैयार कर रहा है।

वहीं असिस्टेंट प्रोफेसर की बहाली के लिए प्रक्रिया जारी है। स्वास्थ्य विभाग ने 1177 असिस्टेंट प्रोफेसर की बहाली के लिए बिहार लोक सेवा आयोग को रिक्तियां भेज दी है। स्वास्थ्य विभाग ने पत्र लिखकर 1171 असिस्टेंड प्रोफेसर की शीघ्र बहाली के लिए बीपीएससी से पुन: अनुरोध किया है।